Received through Email Dt 28/02/25

अभियंता प्रमुख का कार्यालय,
ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना।

## सकारण आदेश

संवेदक **M/S R.K Enterprises, (Regd No-2170706)**, Vill-Saidnagar Laheriasarai, Po-Laheriasarai, Ps-Bahadurpur, Dist-Darbhanga, Bihar को **कार्य प्रमण्डल, दरभंगा–1 के अधीन MMGSY(SC)** अन्तर्गत **Paghari Sirua Road to Navtoal Chamar Tola** तक पथ निर्माण कार्य आवंटित था। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारम्भ की तिथि–29.12.2020 एवं कार्य समाप्ति की तिथि–28.12.2021 है।

उक्त पथ का निर्माण कार्य एकरारनामा के अनुसार निर्धारित अवधि में कार्य पूर्ण नहीं करने के कारण कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, **कार्य प्रमंडल, दरभंगा–1** द्वारा बार–बार निदेशित करने के बाद भी **संवेदक M/S R.K Enterprises, (Regd No-2170706)** द्वारा उक्त कार्य में कोई प्रगति नहीं किया गया। तत्पश्चात् कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, **कार्य प्रमण्डल, दरभंगा–1** के द्वारा एकरारनामा को विखंडित कर दिया। उक्त के आलोक में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, दरभंगा–1 का पत्रांक–2708 अनु0 दिनांक–29.11.2023, अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, दरभंगा का पत्रांक–2419 अनु0 दिनांक–05.12.2023 एवं तदेन मुख्य अभियंता–3, सम्प्रति मुख्य अभियंता–6, दरभंगा, ग्रामीण कार्य विभाग का पत्रांक–415 दिनांक–12.01.2024 द्वारा उक्त संवेदक के **निबंधन सं0–2170706** को कालीसूची में शामिल करने हेतु अनुशंसा विभाग को उपलब्ध करायी गयी।

उपरोक्त अनुशंसा के आलोक में विभागीय पत्रांक–789 दिनांक–12.02.2024 द्वारा पन्द्रह दिनों के अंदर संवेदक से स्पष्टीकरण की मांग की गयी। अपेक्षित समय बीत जाने के बाद भी संवेदक द्वारा अपना पक्ष समर्पित नहीं किया गया। पुनः विभागीय पत्रांक–1903 दिनांक–20.05.2024 द्वारा स्मारित किया गया, फिर भी उक्त संवेदक द्वारा अपना पक्ष समर्पित नहीं किया गया। फिर विभागीय पत्रांक–3451 दिनांक–19.11.2024 द्वारा संवेदक को अपना पक्ष रखने हेतु अंतिम रूप से स्मारित किया गया, फिर भी संवेदक द्वारा अपना पक्ष विभाग को समर्पित नहीं किया गया। इससे स्पष्ट होता है कि संवेदक को अपने पक्ष में कुछ नहीं कहना है।

अतएव विभागीय समीक्षोपरान्त बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली–2007 (ग्रामीण कार्य विभाग) की अधिसूचना सं0–8123 दिनांक–19.12.2007 की कंडिका 11(क)(VI) के आलोक में संवेदक **M/S R.K Enterprises,** Vill-Saidnagar Laheriasarai, Po-Laheriasarai, Ps-Bahadurpur, Dist-Darbhanga, Bihar के **निबंधन सं0–2170706** को अगले 03 (तीन) वर्षों के लिए कालीकृत (Blacklist) किया जाता है।

(निर्मल कुमार)
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः–मु0अ0–4(मु0)कालीसूची–10–105/2023 - 866 /पटना, दिनांकः–25/02/25

प्रतिलिपिः–अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/नगर विकास विभाग, बिहार, पटना/उर्जा विभाग, बिहार, पटना/कृषि विभाग, बिहार, पटना/पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना/अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/ लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख

SP

अभियंता प्रमुख (मुख्यालय)
जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना
प्राप्ति सं0 717
03.03.2025

ज्ञापांकः–मु0अ0–4(मु0)कालीसूची–10–105/2023 - 866 /पटना, दिनांकः–28/02/25

प्रतिलिपिः– अपर मुख्य सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव/विशेष सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः–मु0अ0–4(मु0)कालीसूची–10–105/2023 - 866 /पटना, दिनांकः–28/02/25

प्रतिलिपिः–प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–14 एवं प्रशाखा में कार्यरत सभी सहायक/आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः–मु0अ0–4(मु0)कालीसूची–10–105/2023- 866 /पटना, दिनांकः–28/02/25

प्रतिलिपिः–**संवेदक M/S R.K Enterprises, (Regd No-2170706)**, Vill-Saidnagar Laheriasarai, Po-Laheriasarai, Ps-Bahadurpur, Dist-Darbhanga, Bihar को सूचनार्थ प्रेषित।

अभियंता प्रमुख

SP